वीयू – सी.ए.एस के तहत पदोन्नति

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति हेतु साक्षात्कार दिनांक 25 अगस्त 2023 को आयोजित किए गए थे। जिसके अंतर्गत सह प्राध्यापकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के असेसमेंट के द्वारा प्रोफेसर पद पर पदोन्नति किया गया जिसमें मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. एस.के. महाजन, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के डॉ. आदित्य मिश्रा एनिमल फिजियोलॉजी विभाग से, डॉ. देवेंद्र गुप्ता मेडिसिन विभाग से, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर एनिमल जेनेटिक्स विभाग के, महू वेटरनरी कॉलेज से डॉ. नरेंद्र नायक तथा रीवा वेटरनरी कॉलेज से डॉ. आलोक कुमार दीक्षित शामिल है। कुलपति जी ने समस्त पदोन्नत प्राध्यापको को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। गौरतलब है कि सी.ए.एस. के तहत पदोन्नति हेतु असेसमेंट अवधि के अनुसार आवेदन किए गए जिसमें आवेदक के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार तथा अन्य उपलब्धियों के आधार पर नंबर दिए जाते है। जिस हेतु विश्वविद्यालय की एक समिति का गठन किया जाता है तथा बाह्य विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाता है, जिसके उपरांत सभी मापदंडों पर नियमानुसार अंक प्राप्त करने के पश्चात साक्षात्कार लिया जाता है जिसमे आमंत्रित विषय विशेषज्ञ, सरकार के प्रतिनिधि तथा विश्वविद्यालय के नामित पदाधिकरी गण समिति के सदस्य के रूप में रहते हैं। माननीय कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयो के शैक्षिणक स्टाफ की लंबे समय चल रही कमी को नवीन भर्ती, तथा लंबे समय से रुके तथा सतत् सी.ए.एस. प्रकिया को गति दी जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय अपने छात्रों तथा किसानों के हितार्थ सुचारू रूप से कार्य कर आज विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सतत ऊंची पायदान पर अपना स्थान बनाने में सक्षम हो रहा है।